हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 4 फरवरी 2026

06 प्रमंडल जोड़ से कामथ चौराहा तक बनेगा फोरलेन मार्ग



07 हाईवे पर जलभराव की समस्या यथावत...





## खबर संक्षेप

### महाशिवरात्रि मेला में चिकित्सा व्यवस्था दुरस्थ

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना महादेव मेला समिति के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नर्मदापुरम द्वारा महाशिवरात्रि मेला पचमढ़ी वर्ष 2026 के आयोजन के लिए विभिन्न पाइंटो पर चिकित्सा व्यवस्था हेतु चिकित्सक-पैरामेडिकल स्टाफ-एंबुलेंस वाहन चालक सहित की ड्यूटी 5 फरवरी से 15 फरवरी 2026 तक लगाई गई है। डॉ. रिचा कटकवार, खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुस्वा० केन्द्र पिपरिया को मेला प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### विकास को गति देने के लिए समयबद्ध भर्ती जरूरी

**नर्मदापुरम।** राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने शहरी स्थानीय निकायों को सुदृढ़ बनाने के लिए मानव संसाधन की उपलब्धता को अत्यंत आवश्यक बताया है। उन्होंने नगर निगमों और शहरी निकायों में लंबे समय से रिक्त पड़े पदों को भरने के लिए समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया लागू करने की जोरदार मांग की। मंगलवार को संसद भवन एनेक्सी , नई दिल्ली में आयोजित आवास एवं शहरी कार्य संबंधी संसदीय स्थायी समिति की बैठक में बतौर सदस्य शामिल हुईं। बैठक के दौरान शहरी स्थानीय निकायों में राजस्व सृजन, बजट प्रबंधन और प्रशासनिक क्षमता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

### नया बस स्टैंड यात्रियों की जेब पर भारी

# पुराना बस स्टैंड बंद होने से छात्र, मजदूर और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित

शहर के विकास के नाम पर लिया गया पुराना बस स्टैंड बंद करने का फैसला अब आम नागरिकों के लिए परेशानी का कारण बन गया है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के विकास और यातायात सुधार के नाम पर लिया गया पुराना बस स्टैंड बंद करने का निर्णय अब आम जनता के लिए परेशानी का कारण बनता जा रहा है। स्टेशन और मुख्य बाजार से सटे इस बस स्टैंड के बंद होते ही यात्रियों की जेब, समय और सुविधा- तीनों पर सीधा असर पड़ा है। खासतौर पर छात्र, मजदूर और बुजुर्ग इस नई व्यवस्था में सबसे ज्यादा पिस रहे हैं।

#### जनता की सुविधा पर विकास की आंच

शहर के नागरिकों का कहना है कि नियम जनता की सुविधा के लिए बनाए जाते हैं, न कि जनता को परेशान करने के लिए। इटारसी में देखने में आ रहा जन-असंतोष प्रशासन के लिए चेतावनी है कि यदि विकास के फैसले आम आदमी की दैनिक जरूरतों पर भारी पड़ने लगें, तो उन पर पुनर्विचार जरूरी हो जाता है। लोगों का कहना है कि नीति और जमीनी हकीकत में तालमेल न होने से सुधार भी सजा बन जाता है।

#### छात्रों और मजदूरों पर बढ़ा अतिरिक्त किराया बोझ

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष पंकज राठौर और प्रबुद्ध नागरिक मनीष जोशी ने इस निर्णय को साफ तौर पर जनविरोधी बताया है। ग्रामीण क्षेत्रों तरौंदा, सनखेड़ा और भीलाखेड़ी से आने वाले छात्र पहले मात्र 10 रुपए में इटारसी पहुंच जाते थे, लेकिन अब नए बस स्टैंड से शहर के भीतर आने के लिए उन्हें 20 से 30 रुपए तक ऑटो किराया देना पड़ रहा है। यह अतिरिक्त खर्च छात्रों के मासिक बजट को बिगाड़ रहा है, वहीं दिहाड़ी मजदूरों की कमाई का बड़ा हिस्सा सफर में ही खर्च हो जा रहा है।

#### महिलाओं की सुरक्षा और व्यापार पर भी असर

नया बस स्टैंड शहर से दूर होने के कारण रात के समय महिला यात्रियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई जा रही है। वहीं, पुराने बस स्टैंड के आसपास स्थित मुख्य बाजार के व्यापारियों का कहना है कि ग्राहकों की आवाजाही घटने से व्यापार मंदा पड़ गया है। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

**अनिवार्य हॉल्ट व्यवस्था**

लंबी दूरी की बसों को कम से कम 5 मिनट पुराने बस स्टैंड पर ठहरने का निर्देश दिया जाए, विशेषकर रात 10 बजे के बाद।

**ऑटो किराया नियंत्रण**

ऑटो चालकों की मनमानी रोकने के लिए प्रशासन द्वारा रेट लिस्ट चस्पा की जाए और सख्ती से पालन कराया जाए।

**शहर का संतुलित विस्तार**

पूर्व सुधार न्यास अध्यक्ष अरविंद मालवीय के अनुसार, तीन बंगला क्षेत्र की रेलवे भूमि नगर पालिका को मिले, ताकि शहर का नियोजित और संतुलित विस्तार हो सके।

**जनहित में लचीलापन जरूरी**

नागरिकों का स्पष्ट कहना है कि शहर का विकास जनता की बर्बादी की कीमत पर नहीं होना चाहिए। प्रशासन यदि समय रहते जनभावनाओं को समझते हुए नियमों में आवश्यक लचीलापन लाता है, तो न केवल यात्रियों की परेशानी कम होगी बल्कि शहर का विकास भी सही दिशा में आगे बढ़ सकेगा।

# कमिश्नर ने दिए रोजगार स्वास्थ्य संबंधी दिशा-निर्देश




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स को रोजगार, उद्योग, निवेश, स्वास्थ्य और प्रशासनिक मामलों में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कमिश्नर ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को शीर्ष प्राथमिकता देने, बैंक हितग्राहियों को स्वरोजगार ऋण समय पर उपलब्ध कराने और रोजगार सृजन बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने फूड प्रोसेसिंग, पर्यटन, धार्मिक क्षेत्र और लघु उद्योगों में निवेश व रोजगार बढ़ाने, डीएलसीसी/ डीएलआरसी बैठकों को नियमित रखने और बंद पड़े उद्योगों की भूमि का सरकारी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य एवं पोषण की 22 पैरामीटर प्रतिदिन मॉनिटर करने और कुपोषित बच्चों को स्वस्थ श्रेणी में लाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। साथ ही बोर्ड परीक्षा तैयारी, कानून व्यवस्था और आगामी पर्वों में सुरक्षा सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

**यह भी दिए निर्देश**

- बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी सुनिश्चित।
- परीक्षा में नकल रोकने हेतु उड़न दस्ता दल सक्रिय।
- कार्रवाई पोर्टल पर अपलोड अनिवार्य।
- आगामी पर्व एवं मेलों के दौरान कानून व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश।

**मॉनिटरिंग करें**

- कमिश्नर ने 22 स्वास्थ्य एवं पोषण पैरामीटर की दैनिक मॉनिटरिंग का निर्देश दिया।
- मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी इन पैरामीटरों पर रोज़ाना प्रगति कलेक्टर को अवगत कराएं।
- कलेक्टर जिलों की रैंकिंग सुधार हेतु निरंतर मॉनिटरिंग करें।

## संत शिरोमणि श्री रामजी बाबा मेला में म्यूजिक जोन नर्मदापुरम ने की सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति




नर्मदापुरम। नर्मदापुरम का प्रसिद्ध संत शिरोमणि रामजी बाबा मेला, धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक उत्सव का संगम है। यहाँ पारंपरिक भजनों के साथ-साथ बॉलीवुड नाइट, लोक संगीत, कॉमेडी शो, कवि सम्मेलन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं, जो श्रद्धालुओं के मनोरंजन का मुख्य केंद्र होते हैं। इन्ही कार्यक्रमों मे इस वर्ष म्यूजिक जोन नर्मदापुरम ने की सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत संगीतय कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई । ज्ञातव्य हो कि म्यूजिक जोन नर्मदापुरम विगत 2 वर्षो से संगीत के क्षेत्र में शहर की गायन के क्षेत्र में रूचि रखने वाले कलाकारों को मौका दे रहा है एवं इन प्रतिभाओं को एक प्लेटफार्म उपलब्ध करा रहा है जिससे कि संगीत के क्षेत्र में शहर का नाम रौशन हो सके ।

## तवा पुल के पास अनियंत्रित होकर बोलेरो पलटी, कार सवार सभी को आई चोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के समीपस्थ तवा पुल के पास मोहासा सोलर प्लांट के कर्मचारियों की बोलेरो पलटकर रोड के नीचे उतर गई जिससे पांच लोग घायल हो गए। अस्पताल को सूचना करने पर गाड़ी लेने पहुंची और उनका इलाज नर्मदा हॉस्पिटल में चल रहा है। बताया जाता है कि सभी कर्मचारी सोलर प्लांट मुहासा में ड्यूटी कर लौट रहे थे । जानकारी के अनुसार गाड़ी का बेल्ट टूटने से वह अनियंत्रित होकर पलट गई। चारों



को हाथ पैर और सिर में चोट आई है जिनका इलाज चल रहा है। घायलों में सुमित पिता देवी प्रसाद हनुमान नगर, कुलदीप 28 वर्ष हनुमान नगर यह दोनों भाई हैं। वहीं अक्षय राठौर पिता यशवंत ऑफीसर्स कॉलोनी, अनुराग 28 साल रोहित पिता जमुना प्रसाद ऑफिसर कॉलोनी निवासी शामिल है। सभी का इलाज अस्पताल में चल रहा है। गाड़ी पलटने के बाद वहां पर स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई और सभी ने घायलों को निकाला और अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि सभी का इलाज चल रहा है और स्थिति सामान्य है। इस मामले को लेकर कारणों का भी पता लगाया जा रहा है।

## जनसुनवाई में 86 आवेदन किए निराकृत पात्र को मिले पीएम आवास योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सीईओ ने अधिकारियों के साथ जनसामान्य की समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई की गई। जनसुनवाई में आए 86 आवेदनों पर सुनवाई कर उनका निराकरण किया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश



दिए। ग्राम डोलरिया निवासी सेवंती बाई ने जनसुनवाई में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्रदान कराये जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर सीईओ ने जनपद पंचायत अधिकारी को नियमानुसार योजना का लाभ प्रदान करने के लिए निर्देशित किया।

## राहुल की शतकीय पारी से पहले दिन नर्मदापुरम ने बनाए 312 रन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मप्र क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित 4 दिवसीय सीनियर मेंस महाराजा यशवंतराव ट्रॉफी में नर्मदापुरम संभाग का सामना भोपाल संभाग से नर्मदापुरम के एमपीसीए ग्राउंड पर खेला जा रहा है। नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सचिव प्रदीप तोमर ने बताया कि नर्मदापुरम टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राहुल चंद्रौल के नाबाद शतक 109 रन,आर्यन देशमुख नाबाद 54 रन, अथर्व महाजन 44 रन और प्रवीण यादव



33 रनों की महत्वपूर्ण पारियां की बदौलत पहले दिन का खेल खत्म होने तक 312 रन 5 विकेट खोकर बना लिए है। फिलहाल प्रथम पारी में राहुल चंद्रोल 109 रन और आर्यन देशमुख धमाकेदार पारी खेलते हुए 54 रन बनाकर क्रीज़ पर मौजूद है। मैच में एमपीसीए मैच आब्जर्वर हर्ष पाण्डेय, एमपीसीए चयन समिति के चेयरमैन सोहेल अंसारी,मैनेजिंग कमेटी मेंबर अनुराग मिश्रा, सीनियर सिलेक्शन कमेटी चेयरमैन संजय नाफडे, जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष राजेश चौरे, जुनियर सिलेक्शन कमेटी सदस्य माधव हरने, शफीक खान, नितेश राजपूत, चेतन राजपूत,नर्मदापुरम के कोच सुनील शर्मा, मैनेजर मनोहर बिल्थरिया और ट्रेनर ऋषि प्रजापति सहित उपस्थित थे। मैच में एम पी सी ए के अंपायर हर्षित जैन एवं नीरज तिवारी और स्कोरर संदीप सतनामी है।

## यातायात दबाव और जन-सुरक्षाः सदर बाजार सड़क रहेगी सब्जी विक्रेताओं से मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदा प्राकट्योत्सव आयोजन के दौरान की गई यातायात व्यवस्था को मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया के बाद अब यातायात पुलिस ने नपा के सहयोग से बड़ा निर्णय लिया है। अब रविवार के दिन सदर बाजा स्थित मीना बाजार एवं पुलिस लाइन के सामने वाली सड़क को सब्जी विक्रेताओं से मुक्त रखने की व्यवस्था लागू की जाएगी। ताकि सड़क खाली रहे है जिससे जाम और यातायात सुचारू रहे। इसके साथ बसों का रूट होने के कारण किसी प्रकार का कोई हादसा घटित न हो। यातायात डीएसपी संतोष मिश्रा ने बताया कि सदर बाजार स्थित मीना बाजार क्षेत्र में बसों का नियमित रूट होने से अत्यधिक यातायात दबाव रहता है जिसके कारण संभावित जन-धन हानि की आशंका बनी रहती हैं।

#### अब यह निर्णय लिया

नपा और यातायात पुलिस के आपसी सामांजस्य से यह वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। जिसके बाद सब्जी विक्रेताओं को जेल तिराहा से पीपल तिराहा तक अथवा कोठी बाजार क्षेत्र में स्थान उपलब्ध कराया जाएगा। यह भी उल्लेखनीय है कि कोठी बाजार में पूर्व से ही रविवार को सब्जी बाजार लगता आ रहा है तथा इस मार्ग पर स्थित शासकीय कार्यालय रविवार को बंद रहते हैं, जिससे किसी प्रकार की अतिरिक्त असुविधा नहीं होगी। व्यवस्था लागू होने के बाद यातायात पर पड़ने वाले प्रभाव एवं आमजन की प्रतिक्रिया का अध्ययन किया जाएगा, जिसके आधार पर आगे की स्थायी व्यवस्था पर निर्णय लिया जाएगा। इस संबंध में उप पुलिस अधीक्षक द्वारा मुख्य नगरपालिका अधिकारी से चर्चा की गई है, जिनके द्वारा पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया है।

## अधिवक्ता संघ में 3 वरिष्ठ व्यक्तियों की श्रद्धांजलि सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मंगलवार को जिला अधिवक्ता संघ के सभागार में तीन वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं समाजसेवियों के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। श्रद्धांजलि सभा में न्यायपालिका और अधिवक्ता समुदाय के अनेक वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर योगेश गुप्ता, पूर्व न्यायाधीश, फास्ट ट्रैक कोर्ट, नर्मदापुरम, जिनका कल भोपाल में दुखद निधन हुआ, को याद किया गया। वे अपने मिलनसार व्यक्तित्व और न्यायप्रियता के लिए जाने जाते थे। साथ ही, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रताप भदोरिया, अधिवक्ता स्वाति, प्रशांत और निशांत के पिताश्री, और वरिष्ठ अधिवक्ता रामसेवक यादव के पिता, बी.एल. यादव, समाजसेवी एवं सेवानिवृत्त शिक्षक, का भी 80 वर्ष की आयु में निजी चिकित्सालय में निधन हुआ। संघ सचिव मनोज जराठे ने बताया कि श्रद्धांजलि सभा में संघ अध्यक्ष दीपक जैन, वरिष्ठ अधिवक्ता एस.एस. ठाकुर, बसंत चौहान, सुबोध तिवारी, के.के. जराठे, एवं अन्य कई वरिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### जिला अस्पताल की डेंटल ओपीडी में पहुंच रहे रोज करीब 50 मरीज

# दंत विभाग की चेतावनीः मुंह की सेतह, जीवन की सेहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला अस्पताल के दंत (डेंटल) विभाग में रोजाना करीब 50 मरीज इलाज के लिए पंक्तिबद्ध होते हैं। अधिकांश मरीजों में कैविटी, पायरिया, मुंह के अल्सर, ट्रामा, गठान, अक्कल दाड़ तिरछी होना, मुंह से बदबू आना और मुंह का कम खुलना जैसी समस्याएं देखी जा रही हैं। इन मरीजों की उम्र की सीमा तय नहीं है। इलाज करवाने वाले मरीजों में एक दिन से लेकर 60 वर्ष से अधिक की उम्र के लोग शामिल रहते हैं।

#### बड़ा कारण तंबाकू का सेवन

डेंटल विभाग के चिकित्सक अखिलेश सिंघल का कहना है कि इन दंत समस्याओं का सबसे बड़ा कारण है गुटखा, पान मसाला और तंबाकू उत्पादों का लगातार सेवन हैं। उन्होंने चेतावनी दी



है कि अगर समय पर इन समस्याओं का इलाज न किया गया, तो ये मुंह के कैंसर सहित गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती हैं। दंत चिकित्सक लोगों से आग्रह कर रहे हैं कि मुंह की सफाई और नियमित जांच को अपनी दिनचर्या में शामिल करें और तंबाकू एवं मसाले वाले उत्पादों से बचें, ताकि भविष्य में गंभीर बीमारी से बचा जा सके। जिला अस्पताल के दंत विभाग में रोज़ाना 50 से ज्यादा मरीज इलाज के लिए आते हैं। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें से अधिकांश की समस्या गुटखा, पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के सेवन से जुड़ी है।

**कोटपा एक्टः**तम्बाकू मुक्त समाज की दिशा में जिला प्रशासन एवं राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को कोटपा एक्ट के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु जिला प्रवर्तन दस्ते का एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुई। कलेक्टर सोनिया मीना के दिशानिर्देश और सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गेहलोत के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला में जिला नोडल अधिकारी डॉ. रजनी कुशवाहा ने पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से उपस्थित सदस्यों को कोटपा अधिनियम तहत जानकारी दी।

**सामान्य समस्याएं**

- कैविटी (दांत में छेद)
- पायरिया (मसूड़ों की सूजन)
- अल्सर और घाव
- ट्रामा (चोट)
- मुंह का कम खुलना
- मुंह से बदबू आना

**यह उपाय करें**

- नियमित दांतों की सफाई
- समय पर दंत जांच
- गुटखा, पान मसाला और तंबाकू से दूरी

## इंजीनियरिंग का 'अनोखा' नमूना, सड़क भी बनी और गड्ढा भी सुरक्षित नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

इटारसी से भोपाल तक बनी फोरलेन सड़क पर सरकारी योजनाओं की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। इस सड़क में जहां यातायात सुचारू रूप से चल सके, वहां इंजीनियरों ने गजब की "इंजीनियरिंग" का नमूना पेश किया है। गड्डों को भरने के लिए पेवर ब्लॉक ही लगा दिए गए हैं।

अहम बात यह है कि इस सड़क पर चलने वाले वाहनों से टोल टैक्स भी वसूला जाता है, लेकिन इस तरह की घटिया मरम्मत से सड़क की सुरक्षा और सुविधा पर असर पड़ रहा है। स्थानीय लोग इसे सरकारी योजना पर पलीता लगाने का जीवंत उदाहरण बता रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह के काम से सड़क की उम्र कम होती है और भविष्य में बड़ी मरम्मत की जरूरत पड़ सकती है। फोरलेन सड़क पर गड्डा भरने के लिए लगाए गए पेवर ब्लॉक, टोल टैक्स वसूली पर सवाल खड़े कतरे है।



**खबर संक्षेप**

## महिला की संदिग्ध मौत जहर खाने की आशंका

**बैतूल।** प्रभुढाना इलाके में 55 वर्षीय एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जहर खाने की आशंका के चलते उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, महिला शीला को उल्टियां होने लगी थीं, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे आईसीयू में भर्ती किया गया, लेकिन डॉक्टरों के प्रयासों के बावजूद उसकी जान नहीं बच सकी। मृतका शीला मूल रूप से महाराष्ट्र की रहने वाली थी और मानसिक रूप से अस्वस्थ बताई जा रही है। उसके पति भीकू की करीब दो साल पहले मौत हो चुकी है। बताया गया है कि शीला पिछले एक महीने से रिश्तेदारी में थी और तीन-चार दिन पहले ही अपने घर लौटी थी। मृतका के बेटे ने पुलिस को बताया कि सोमवार को उसकी मां को उल्टियां हो रही थीं, लेकिन उसने क्या खाया था, इसकी जानकारी नहीं मिल सकी। परिजनों ने भी किसी जहरीले पदार्थ के सेवन की पुष्टि नहीं की है। घटना की जानकारी अस्पताल के आईसीयू प्रबंधन ने पुलिस को दी। महिला की मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

## पंचायत सचिवों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन



**बैतूल।** पंचायत सचिवों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। उन्होंने एक ज्ञापन सौंपकर ग्राम पंचायत सचिव संतोष शिवहरे के साथ मारपीट के आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। संघ ने चेतावनी दी कि यदि 24 घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो जिलेभर के सचिव कलमबंद हड़ताल पर चले जाएंगे। ग्राम पंचायत सचिव संघ के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया। ज्ञापन में बताया गया कि 28 जनवरी को ग्राम पंचायत झिरियादोह में सचिव संतोष शिवहरे के साथ मारपीट की घटना हुई थी। इस मामले की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज है, लेकिन अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। कलेक्टर ने पंचायत सचिव संघ के पदाधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से बात कर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। ज्ञापन में अन्य मांगें भी शामिल थीं। इनमें जनपद पंचायत स्तर पर साप्ताहिक बैठकों को रविवार की बजाय अन्य कार्य दिवस पर आयोजित करना और सचिवों को हर महीने की 1 से 5 तारीख तक वेतन भुगतान सुनिश्चित करना शामिल है।

## दीक्षांत समारोह संपन्न



**बैतूल।** सरस्वती विद्या मंदिर कालापाठा में दीक्षांत समारोह 2026 कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर सचिन भागवत ने कहा कि प्रगति के लिए वेदों के मंत्र, समय का अनुशासन, उद्देश्य का अनुशासन जरूरी है। प्रतियोगिता लिखित हो या मौखिक की तैयारी कैसे करनी है यह भी उनके द्वारा समझाया गया। हमारा शौक (हॉबी) हमें तनाव मुक्त करता है इसलिए हॉबी को हमेशा जिंदा रखें। करियर के लिए मुहूर्त की आवश्यकता नहीं होती है और हमेशा समाचार पत्रों के माध्यम से अपडेट रहना चाहिए। डॉ.श्रीमती कृष्णा जैन ने कहा कि न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक आगे की सीढ़ी तय करेंगे और अगले 3 वर्षों में स्वयं के लिए जॉब की गारंटी को ध्यान में रखकर ही कार्य करें। सीए सचिन आर्य ने कहा कि समर्पण ही आत्मविश्वास को स्ट्रांग करता है और लक्ष्य प्राप्त करने में सहयोग प्रदान करता है। बैंक ऑफ इंडिया प्रबंधन मयंक वासनिक ने कहा कि व्यक्ति का संघर्ष सफर तय करता है जन्म या बैकग्राउंड से कोई फर्क नहीं पड़ता। इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रबंधक आकाशवाणी बैतूल सचिन भागवत, सीए सचिन आर्य बैतूल,प्रबंधक बीओआई घोड़ाडोंगरी मयंक वासनिक बैतूल एवं भूपेंद्र पवार ने कहा कि बच्चों को ध्यान पूर्वक स्थिर मन से अध्ययन करने की आवश्यकता है।

### मुलताई को जाम और दुर्घटनाओं से मिलेगी राहत

# प्रमंडल जोड़ से कामथ चौराहा तक बनेगा फोरलेन मार्ग



शासन को भेजा गया प्रस्ताव



हरिभूमि न्यूज ⏩ मुलताई

नगर के मध्य से गुजरने वाले प्रमुख मार्ग पर लगने वाले बार-बार के जाम और बढ़ती दुर्घटनाओं से आगामी समय में नागरिकों को बड़ी राहत मिल सकती है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा प्रमंडल जोड़ से कामथ चौराहा तक लगभग 5.8 किलोमीटर लंबाई के मुख्य मार्ग को टू-लेन से फोरलेन में परिवर्तित करने का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, प्रस्ताव को शीघ्र ही तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति मिलने की संभावना जताई जा रही है। मंजूरी मिलते ही इस बहुप्रतीक्षित परियोजना का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा। यह मार्ग नगर के प्रमुख व्यापारिक क्षेत्र से होकर गुजरता है। मार्ग के दोनों ओर दुकानों की भरमार होने के कारण दोपहिया और चारपहिया वाहन अक्सर सडक़ किनारे खड़े रहते हैं, जिससे आए दिन जाम की स्थिति, दुर्घटनाएं और विवाद की घटनाएं सामने आती रहती हैं। यातायात सुधार के लिए प्रशासनिक स्तर पर कई प्रयास किए गए। भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध भी लगाया गया, लेकिन प्रभावी क्रियान्वयन के अभाव में समस्या जस की तस बनी रही। यही कारण है कि नगरवासी लंबे समय से इस मार्ग के चौड़ीकरण की मांग करते आ रहे हैं।

### राजनीति और उम्मीदों के बीच अटका रहा चौड़ीकरण

जब-जब मार्ग चौड़ीकरण की बात सामने आती है, नगरवासियों की उम्मीदें बढ़ जाती हैं और राजनीतिक सरगर्मी भी तेज हो जाती है। पूर्व में भी कई बार इस मार्ग के लिए डीपीआर तैयार की गई, लेकिन कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया। अब एक बार फिर प्रस्ताव भेजे जाने से लोगों में उम्मीद जगी है। लोगों का कहना है कि यह मार्ग बनते है तो आवागमन सुगम हो जायेगा। बारिश के दिनों में उन्हें परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। फिलहाल विभाग द्वारा मार्गो के प्रस्ताव भेजने के बाद लोगों में सडक़ निर्माण की उम्मीद जागी है।

### पूर्व में 22 करोड़ रुपए की डीपीआर हुई थी निरस्त

उल्लेखनीय है कि बीते एक दशक में इस मार्ग के चौड़ीकरण के लिए कई बार डीपीआर बनाई गई। सकरी पुलिया के कारण हुई दुर्घटना में मौत के बाद जिला कलेक्टर के निर्देश पर लगभग 22 करोड़ समिति के मापदंडों पर खरा नहीं उतरने के कारण निरस्त कर दिया गया था। अब एक बार फिर नए सिरे से प्रस्ताव भेजे जाने के बाद यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि इस बार इसे शासन की स्वीकृति मिल पाती है या नहीं।

### लोक निर्माण विभाग ने तीन प्रमुख मार्गों के भेजे प्रस्ताव

(1) लोक निर्माण विभाग द्वारा इस बार क्षेत्र के तीन महत्वपूर्ण मार्गों के प्रस्ताव राज्य शासन को भेजे गए हैं: प्रमंडल जोड़ से कामथ चौराहा (5 .8 किमी) टू-लेन से फोरलेन में उन्नयन का प्रस्ताव।

(2) प्रमंडल जोड़ से सर्रा-हेटी होते हुए अंबाड़ा नरेरा मार्ग (30 किमी) सिंगल लेन को डबल लेन में परिवर्तित करने का प्रस्ताव इससे मुलताई से आमला एवं आमला से सारणी तक आवागमन और अधिक सुगम होगा।

(3) चिखली कला-रीधोरा होते हुए नागदेव मंदिर मार्ग -आमला ब्लॉक के प्रमुख तीर्थ नागदेव मंदिर को जोडऩे वाले मार्ग

### प्रस्ताव स्वीकृत है

*लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रमंडल जोड़ से कामथ तक 5.8 किलोमीटर फोरलेन मार्ग निर्माण एवं चिखली से नागदेव मंदिर तथा प्रमंडल जोड़ से अंबाड़ा मार्गों के टू-लेन निर्माण के प्रस्ताव स्वीकृति के लिए राज्य शासन को भेजे गए हैं।*

*डीआर कलमकर,*
*उपयंत्री, लोक निर्माण विभाग, मुलताई*

## जवान की हत्या के प्रकरण का खुलासा, 2 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏩ बैतूल

ग्राम हरदौली-चैनपुर के बीच झिरी नाले में मिले विशेष सशस्त्र बल छिंदवाड़ा के जवान के शव के प्रकरण का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार थाना मुलताई के मर्ग क्रमांक 13/26 धारा 194 बीएनएसएस में दर्ज प्रकरण में मृतक की पहचान रंजीत सिंह सरयाम पिता जमेदार सरयाम (45) निवासी ग्राम हिररी, थाना चौरई, छिंदवाड़ा के रूप में हुई। मृतक 8वीं बटालियन विशेष सशस्त्र बल छिंदवाड़ा में पदस्थ था एवं उसकी तैनाती ई कंपनी उमरिया में थी। मृतक रंजीत सरयाम 06 जनवरी से ड्यूटी पर नहीं गया था। मर्ग जांच के दौरान संकलित साक्ष्यों एवं तथ्यों के आधार पर यह पाया गया कि आरोपी सुदामा पिंजारे निवासी डहुआ ढाना थाना मुलताई द्वारा मृतक के वाहन व अन्य कीमती सामान पर नियत खराब कर लूट के उद्देश्य से मौका पाकर पत्थर से सिर कुचलकर निर्मम हत्या की गई तथा साक्ष्य छुपाने की नीयत से शव को झिरी नाले में फेंका गया। आरोपी द्वारा मृतक की मोटर सायकल को बैतूल-नागपुर हाईवे पर स्थित ट्रीट-47 ढाबा के पास छुपाया गया एवं लगभग 1,15,000 मूल्य का सामान लूट लिया गया। उक्त तथ्यों के आधार पर थाना मुलताई में धारा 103(1), 309(6), 238(क) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

अज्ञात शव मिलने की सूचना पर थाना मुलताई पुलिस द्वारा प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए तत्काल टीम गठित कर विवेचना प्रारंभ की गई। शव का सिर क्षत-विक्षत होने से पहचान कठिन थी, परंतु मृतक की वर्दी एवं नेम प्लेट पर अंकित नाम आरएस सरयाम के आधार पर आर.एम. जारी कर एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार किया गया। इसके फलस्वरूप मृतक की पत्नी द्वारा पहचान की गई। जांच के दौरान घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच में मृतक के साथ बाइक पर एक अन्य व्यक्ति दिखाई दिया। साइबर सेल एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से संदिग्ध सुदामा पिंजारे को कामथ रोड से घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने हत्या व लूट की घटना स्वीकार की। जांच में यह भी पाया गया कि आरोपी रामदयाल उर्फ बबलू पिता स्व. नत्थू खवसे, निवासी परमंडल द्वारा मुख्य आरोपी को बचाने एवं साक्ष्य छुपाने में सहयोग किया गया। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस उल्लेखनीय कार्यवाही में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी, एसडीओपी एसके सिंह, निरीक्षक नरेन्द्र सिंह परिहार, निरीक्षक राधेश्याम बट्टी, निरीक्षक आबिद अंसारी सीन ऑफ क्राइम एक्सपर्ट, सहित अन्य पुलिस कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

### बाल विवाह मुक्ति रथ को दिखाई हरी झंडी

## बाल विवाह बच्चों से छीन लेता है बचपन, जागरूकता जरूरी: एसपी



**बैतूल।** बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के खिलाफ जिले में जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कलेक्टर कार्यालय से बाल विवाह मुक्ति रथयात्रा का शुभारंभ किया गया। प्रदिपन संस्था बैतूल द्वारा बाल एक्सीस टू जस्टिस परियोजना के अंतर्गत बाल विवाह मुक्ति भारत के 100 दिवसीय जागरूकता अभियान के द्वितीय चरण में इस रथयात्रा का आयोजन संस्था प्रमुख श्रीमती रेखा गुजरे के मार्गदर्शन में किया गया। बाल विवाह मुक्ति रथयात्रा को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शर्मिला बिरवाल एवं अपर कलेक्टर वंदना जाट द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी गौतम अधिकारी, वरिष्ठ समाजसेवी मीरा एंथोनी, चन्द्रप्रभा चौकीकर, गौरी बालापुरे, वन स्टॉप सेंटर की काउंसलर शिखा भौरासे, केस वर्कर मीरा सिंह एवं प्रिया दरवाई की उपस्थिति रही। इसके बाद रथयात्रा को पुलिस अधीक्षक कार्यालय ले जाया गया, जहां पुलिस अधीक्षक विरेन्द्र जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाल विवाह से बच्चों का बचपन छिन जाता है और समुदाय में कानून की जानकारी के अभाव में इस तरह के अपराध हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने के लिए समुदाय स्तर पर व्यापक जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी एवं अन्य पुलिस अधिकारी भी उपस्थित रहे। बाल विवाह मुक्ति रथयात्रा ने ग्राम सोनाघाटी, कुप्पा एवं पिसाझोड़ी का भ्रमण किया, जहां गांवों में जागरूकता रैली निकालकर लोगों को बाल विवाह रोकने का संदेश दिया गया। पूरे कार्यक्रम में प्रदिपन संस्था की टीम से जिला समन्वयक सुनील कुमार, काउंसलर दीपमाला खातरकर, टीम सदस्य अलका नागले, ज्योति बागवे, ममता आदि रहे मौजूद।

## 39 आदिवासी मजदूरों की 11 लाख मजदूरी हड़पी



**बैतूल।** जिले के आदिवासी समाज से जुड़े 39 मजदूरों ने कलेक्टर जनसुनवाई में गंभीर शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि सारनी मछलीकाटा निवासी ठेकेदार विशाल सरकार और सूरज मालाकार ने ठेकेदारी का झांसा देकर उन्हें नागपुर और फिर ओडिशा राज्य के अमोल नामक स्थान पर ले जाकर निर्माणाधीन पावर प्लांट में बंधुआ मजदूरों की तरह काम कराया, लेकिन 17 से 18 दिन का मेहनताना आज तक नहीं दिया। बंगाली समाज प्रकोष्ठ के समन्वयक मिथुन विश्वास के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे आवेदकों ने बताया कि सितम्बर 2025 में ठेकेदारों ने प्रतिदिन 1000 रुपये मजदूरी, रहने और खाने की व्यवस्था का भरोसा दिया था। विश्वास कर सभी मजदूर ठेकेदारों के साथ गए, जहां उनसे लगातार काम कराया गया और बाहर जाने तक की स्वतंत्रता नहीं दी गई। काम समाप्त होने पर मजदूरी मांगने पर भुगतान को बिल पास होने का बहाना बनाकर टालते रहे, कभी दिवाली तक देने की बात कही, लेकिन हाल ही में मजदूरी मांगने पर साफ मना कर दिया और जातिगत गालियां देकर अपमानित किया गया। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि सभी मजदूर आदिवासी समाज से हैं और मजदूरी कर परिवार का पालन करते हैं। मजदूरी की कुल राशि लगभग 11 लाख रुपये बनती है।

## नरवाई प्रबंधन के लिए जागरूकता के साथ दंडात्मक कार्रवाई की जाए: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏩ बैतूल

कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी की अध्यक्षता में कृषि एवं संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा प्रस्तुत नरवाई प्रबंधन की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर सूर्यवंशी ने कृषि विभाग के अमले को निर्देशित किया कि नरवाई प्रबंधन के लिए व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाने के साथ-साथ नियमों का उल्लंघन करने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नरवाई प्रबंधन के लिए आवश्यक कृषि यंत्रों जैसे स्ट्रॉ रीपर, रीपर कंबाइंडर आदि के पंजीयन को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने बिना एसएमएस के कंबाइंड हार्वेस्टर के संचालन पर रोक लगाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सूर्यवंशी ने कहा कि इस विषय पर किसानों के लिए कार्यशालाएं आयोजित की जाएं तथा जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए लक्ष्य बढ़ाने के लिए वरिष्ठ कार्यालय से आवश्यक समन्वय किया जाए। उन्होंने नरवाई जलाने पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करने के निर्देश भी उप संचालक कृषि को दिए। बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जिले में प्राकृतिक खेती से संबंधित संचालित गतिविधियों की भी समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभों के प्रति जागरूक किया जाए।

### ई-टोकन के माध्यम से हो खाद वितरण

कलेक्टर ने जिले में खाद की उपलब्धता एवं वितरण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सहकारिता, कृषि विभाग एवं मार्कफेड को निर्देश दिए कि ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से ही खाद का वितरण सुचारू रूप से किया जाए, जिससे पारदर्शिता बनी रहे। इसके साथ ही कलेक्टर सूर्यवंशी ने प्रेशराइज्ड इरिगेशन योजनाओं में पंजीयन बढ़ाने के लिए उप संचालक कृषि को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में मत्स्य और पशुपालन विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की भी विस्तार से समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों केसीसी के प्रकरणों में शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए।

## पवार समाज के वरिष्ठ नागरिकों का स्नेह सम्मेलन संपन्न



**बैतूल।** पवार समाज वरिष्ठ जन कल्याण मंच का स्नेह सम्मेलन द्वारका लॉन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम प्रदेश भाजपा सचिव महाराष्ट्र सरिता ताई गाकरे के मुख्य आतिथ्य में और मंच के संरक्षक एडवोकेट बाबूलाल कालभोर, डॉ.सरिता बोबड़े, कृष्ण कुमार डोबले, डॉ.प्रमोद किनकर, डॉ.तीर्थनंदन बंनगरे, वल्लभ डोंगरे, सुरेश ख़वसे के विशेष आतिथ्य तथा कैप्टन एल.आर. पवार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में श्री हनुमान चालीसा का पाठ, अतिथि सत्कार उपरांत प्रतिवेदन का वाचन मंच के प्रवक्ता बाबूराव पवार द्वारा, सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत ज्ञानपीठ पब्लिक स्कूल भारत भारती की छात्राओं ने शानदार प्रस्तुति दी, अतिथि उद्बोधन, महिलाओं का हल्दी कुमकुम और वीर नारी शांता बाई खवसे व शांता बाई पाठेकर का सम्मान किया गया। इस मौके पर सरिता ताई गाकरे ने कहा कि समाज के वरिष्ठजन हमारी धरोहर हैं। जो भी पवारो की माता गढकालिका को अपनी कुलदेवी माता मानता है, जो-जो अपने महान प्रतापी शासक राजा भोज को अपना कुल गौरव मानता है। वह हम सबके लिए एक है, कोई भी अलग नहीं है। मैं सभी पवार, भोयर, परमार भाई-बहनों,नौजवानों का आव्हान करती हूं कि हम सभी आज इस मंच से संकल्प लेते हैं कि हम सभी देश भर के पवार तथा सनातन प्रेमी धार स्थित भोजशाला में अगले वर्ष अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर बसंत पंचमी मनाकर हमारी धरोहर के प्रति सम्मान जताए और पूजा का अपना अधिकार प्राप्त करे।

### कलेक्टर सूर्यवंशी ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

# सीमांकन प्रकरणों का प्राथमिकता से करें निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏩ बैतूल

बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, भूमि विवाद, पेंशन, आवास, बिजली, पानी सहित अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं। इस दौरान कलेक्टर ने कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर ही निराकरण कराया, वहीं शेष मामलों में समय-सीमा तय करते हुए अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में शाहपुर के ग्राम मंडई निवासी अंतराम यादव ने अपनी भूमि का सीमांकन नहीं होने की समस्या बताई, जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने एसडीएम शाहपुर से प्रकरण की जानकारी ली और आवेदक की भूमि का जल्द सीमांकन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जनसुनवाई में सभी एसडीएम और तहसीलदार को सख्त हिदायत दी कि सीमांकन के प्रकरण लंबित न रहें। सीमांकन के प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एसडीएम और तहसीलदार को रास्ता खुलवाने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में आमला के ग्राम सासाबढ़ निवासी मेघा बाई ने आवेदन के माध्यम से अपनी जमीन पर रास्ते विवाद के चलते हो रही परेशानी कलेक्टर को बताई, जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने तत्काल रास्ता खुलवाने के निर्देश एसडीएम और तहसीलदार आमला को दिए। शाहपुर तहसील के ग्राम भौंरा निवासी बारातीलाल ने आवेदन के माध्यम से जमीन पर कब्जा होने की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को प्रकरण का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। मुलताई के पटेल वार्ड निवासी रिंकी पवार ने आवेदन के माध्यम से रजिस्ट्री अनुसार रिकॉर्ड अभिलेख दुरुस्त किए जाने की मांग की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने संबंधित एसडीओ रेवेन्यू मुलताई को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

### मुआवजा राशि दिलवाने की मांग

जनसुनवाई में बैतूल निवासी राजेश पवार ने नामांतरण कर भूमि प्रबंधन से हटाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम चिखली खुर्द निवासी अनिल धोटे ने मुआवजा राशि दिलवाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने एसडीओ मुलताई को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम महतपुर निवासी सुखदेव ने रिकॉर्ड दुरुस्त करने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने मुलताई एसडीओ को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।ग्राम जामन्या निवासी चंपालाल ने गलत दस्तावेजों के माध्यम से हो रहे सीमांकन को रोकने के लिए आवेदन दिया।

## एक हितग्राही को अंत्येष्टि सहायता राशि सौंपी



**सारनी।** संकल्प से समाधान अभियान के तहत मंगलवार 3 फरवरी को वार्ड 22 सुभाषचंद्र बोस वार्ड में शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न योजनाओं के आवेदन आए। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासन की विभिन्न जन हितैषी योजनाओं का लाभ आम लोगों को देने के लिए 12 जनवरी से 15 फरवरी तक संकल्प से समाधान अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत सोमवार को वार्ड 22 सुभाषचंद्र बोस वार्ड में संजय निकुंज नर्सरी के पास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, वार्ड पार्षद वंदना बबलू वामनकर, शिविर प्रभारी जी.एस पांडे, रामराज यादव, संतोष सोनारिया, राकेश सोनी, निराकार सागर, सुनील कसरादे उपस्थित थे। शिविर में विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। इनका त्वरित निराकरण कराया जा रहा है। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष एवं अतितिथियों ने वार्ड की क्ष्मी पति सुभाष प्रजापति को मुख्यमंत्री संबल योजना के तहत अंत्येष्टि सहायता राशि भी प्रदान की। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के. मेश्राम ने बताया कि लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी देने, उन्हें इनका लाभ प्रदान करने और उनकी समस्याओं का निराकरण करने हेतु शिविर लगाए जा रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

## बीईओ मौर्य को सहायक आयुक्त का प्रभार



**इटारसी।** केसला ब्लॉक शिक्षा अधिकारी आशा मौर्य की पदोन्नति हुई है। मौर्य को जनजातीय कार्य विभाग के अपर सचिव भोपाल द्वारा सहायक संचालक कार्यालय नर्मदापुरम में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति विकास पद का प्रभार सौपा गया है। आदेश मंगलवार को वल्लभ भवन भोपाल से अपर सचिव जनजातीय विभाग द्वारा जारी किये गये है।

## जनसंघ के तपस्वियों ने भाजपा का किया सम्मान



**इटारसी।** भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर, 'अटल स्मृति समिति' द्वारा जनसंघ काल के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को उनके घर जाकर 'अटल कार्यकर्ता' के रूप में सम्मानित करने संकल्प निरंतर जारी है। इस कड़ी में भाजयुमो के पूर्व अध्यक्ष धीरज पटेरिया ने भारत के पूर्व उपप्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की न्यास कॉलोनी स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भारतीय जनसंघ के वरिष्ठ नेता रामआसरे बाजपेई के निवास पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष दीपक माहलाहा, गोलू मालवीय, हरगोविंद राजपूत, पूर्व पार्षद यज्ञदत्त गौर, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष मयंक महतो, शैलेन्द्र दुबे, मनोज बड़कुर, सौरभ सोलंकी, राहुल पटेल आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दस्तक अभियान का दूसरा चरण 17 से

**नर्मदापुरम।** जिले में बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न सेवाएँ प्रदान करने के लिये दस्तक अभियान का दूसरा चरण 17 फरवरी से 19 मार्च तक आयोजित हो रहा है। इस अभियान में 0 से 5 वर्ष के लगभग 01 लाख 44 हजार 209 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा। जिसकी सम्पूर्ण तैयारी हेतु जिला प्रशिक्षण केन्द्र नर्मदापुरम में सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गेहलोत की अध्यक्षता में जिला कार्यशाला आयोजित हुई।

### नाली निर्माण को लेकर नागरिकों में असमंजस बरकरार

# हाईवे पर जलभराव की समस्या यथावत, तीन साल से जनता बेजार

शहर के सीएम राइज़ स्कूल के पास स्थित स्टेट हाईवे पर जलभराव की समस्या तीन वर्षों से बरकरार है। इस समस्या से नागरिक पूरे साल भर परेशान हैं, खासकर बारिश के मौसम में जब हाईवे पर करीब 200 मीटर तक पानी भर जाता है।





हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर में सीएम राइज़ स्कूल के समीप स्टेट हाईवे पर जलभराव समस्या है। यह समस्या तीन वर्षों से है तथा नागरिक पूरे वर्षभर परेशान होते हैं। मुख्य रूप से बारिश के मौसम में करीब 200 मीटर तक के विस्तार में हाईवे पर पानी भर जाता है। जिससे नागरिक परेशान होते हैं।

नागरिकों के अनुसार प्रशासन द्वारा सड़क पर आए दिन बजरा डालकर समस्या का अस्थायी समाधान खोजा जाता है। लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने से जनता परेशान है। नप सूत्रों द्वारा बताया जाता है कि निकाय द्वारा करीब 30 लाख रुपये लागत से नाली बनाने का निर्णय लिया गया था। लेकिन कुछ अंजान ताकतों के कथित दबाव के चलते नाली निर्माण नहीं हो रहा है, और समस्या यथावत बनी हुई है। फिलहाल स्टेडियम की दुकानों में संचालित कुछ होटलों की पानी निकासी के चलते वाइन शॉप के ठीक सामने पानी भरा हुआ है। वहीं सरदार वार्ड क्षेत्र की कच्ची नाली का पानी भी सड़क पर जमा हो रहा है। लगातार जल भराव के कारण सड़क में गड्ढे हो गए हैं तथा कभी भी कोई गंभीर दुर्घटना पूर्व की भांति हो सकती है। नागरिकों ने सुधार व नाली निर्माण की मांग की है।

## मरोड़ा में मनाई संत गुरु रविदास जयंती



**इटारसी।** अहिरवार समाज संघ के तत्वावधान में संत शिरोमणि गुरु रविदास की 649वी जयंती ग्राम मरोड़ा में श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अहिरवार समाज संघ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर अजय अहिरवाल ने कहा कि रविदास जी का प्रसिद्ध वचन "मन चंगा तो कठौती में गंगा" हैं, और कहा कि सच्ची भक्ति बाहरी आडंबर में नहीं, बल्कि मन की पवित्रता में बसती है। उन्होंने आगे कहा कि संत रविदास जी सामाजिक समरसता, समानता और मानवता के महान प्रतीक थे। उन्होंने सैकड़ों वर्षों पहले जात-पात और ऊंच-नीच के भेदभाव को समाप्त कर सनातन समाज को एकता और भाईचारे का संदेश दिया। सभी उपस्थित ग्रामीणजनों को आयोजक डॉ अतुल अहिरवार ने संत शिरोमणि रविदास की फोटो वितरित की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कृष्णा चौधरी, कन्हैयालाल बामने, विवेक पथौरिया, बृजेश बामने, प्रमोद कलोसिया, किशन अहिरवार, रामविलास अहिरवार, रामदास अहिरवार, हरीश अहिरवार आदि उपस्थित हुए।

# पुलिस-आरएएफ ने निकाला फ्लैग मार्च, नाला मोहल्ला से शुरुआत



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर में शांति व्यवस्था को चाक-चौबंद करने और आमजन में सुरक्षा का भाव पैदा करने के उद्देश्य से इटारसी सिटी पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला गया। सांप्रदायिक सौहार्द और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के संकल्प के साथ सुरक्षा बल के जवान शहर की सड़कों पर उतरे।

### संवेदनशील इलाकों में पैदल भ्रमण

यह संयुक्त फ्लैग मार्च शहर के संवेदनशील क्षेत्र नाला मोहल्ला से प्रारंभ हुआ। मार्च के दौरान पुलिस और आरएएफ के जवानों ने न केवल मार्च किया, बल्कि स्थानीय निवासियों से सीधा संवाद भी किया। अधिकारियों ने नागरिकों को भरोसा दिलाया कि प्रशासन किसी भी असामाजिक गतिविधि से निपटने पूरी तरह मुस्तैद है।

### इन मार्गों से गुजरा बल

नाला मोहल्ला से शुरू होकर यह मार्च शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों, घनी आबादी वाले क्षेत्रों और व्यस्त चौराहों से होता हुआ गुजरा। मार्च का मुख्य उद्देश्य आगामी त्योहारों और वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए असामाजिक तत्वों को सख्त संदेश देना और शांति व्यवस्था बनाए रखना है। फ्लैग मार्च का समापन सिटी थाने पर हुआ।

### अधिकारियों का संदेश

पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और शहर में शांति व भाईचारा बनाए रखने में सहयोग करें। सुरक्षा बलों की यह मौजूदगी स्पष्ट करती है कि कानून तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस-पत्रकार मिलन समारोह स्नेह भोज के साथ आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सोमवार को पुलिस सामुदायिक भवन में पुलिस पत्रकार मिलन एवं स्नेह भोज का आयोजन पुलिस परिवार द्वारा किया गया था। इस अवसर पर जिले के पुलिस अधीक्षक साईकृष्णा थोटा सहित अनुविभाग के पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। जिसमें एसडीओ पुलिस वीरेंद्र मिश्रा एसडीओ पुलिस, जीआरपी एसडीओपी महेंद्र कुल्हाडा, जीआरपी थाना प्रभारी संजय चौकसे, थाना प्रभारी इटारसी गौरव बुंदेला, थाना प्रभारी पथरोटा संजीव पवार, थाना प्रभारी केसला उमाशंकर यादव, थाना प्रभारी रामपुर विपिन पाल एवं पुलिस बल मौजूद था। पुलिस पत्रकार मिलन समारोह की पेशकश स्वयं पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई थी।

मिलन समारोह में औपचारिक रूप से बातचीत हुई एक दूसरे से सभी मिले एवं स्नेहभोज का सभी ने आनंद लिया। इस अवसर पर नर्मदा पुरम पत्रकार संघ के अध्यक्ष प्रमोद पगारे द्वारा पुलिस अधीक्षक का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया एवं उन्हें पत्रकार संघ का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

# कॉलेज की बाउंड्रीवॉल से टकरा गई कार, एयरबैग खुलने से बचा चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




शहर स्थित कॉलेज के प्रवेश द्वार से लगी बाउंड्री वॉल से मंगलवार दोपहर एक कार टकरा गई। कार में चालक अकेला उपस्थित था। स्टीयरिंग का एयरबैग खुलने से दुर्घटना टल गई।

कॉलेजकर्मियों ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे पूरा स्टाफ अपने-अपने कार्य में लगा था। तभी कॉलेज के बाहर बहुत तेज आवाज आई। बाहर दौड़कर देखा तो पाया कि एक कार क्रमांक एमपी 04 ज़ेडक्यू 0511 कॉलेज के गेट के समीप बाउंड्रीवॉल से बहुत तेज गति से टकरा गई है। जिसके कारण कार का सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। स्टियरिंग का एयरबैग खुलने से चालक बच गया।

सड़क से आते-जाते प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि बहुत तेज गति से दौड़ाई जाती कार कॉलेज में प्रवेश देने के लिए मोड़ी गई। लेकिन चालक वाहन की गति पर नियंत्रण नहीं रख पाया और कार बहुत तेज गति से दीवार से टकरा गई। जिससे कॉलेज के गेट की दीवार व बाउंड्रीवाल में दरारें आ गई हैं। यदि कार के स्टियरिंग का एयरबैग नहीं खुलता, तो चालक चोटिल हो सकता था।

# अभा हॉकी टूर्नामेंट में चौथे दिन हुए चार मुकाबले, खेल का रोमांच चरम पर रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



स्थानीय कॉलेज खेल मैदान पर अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट जारी है। जिसमें मंगलवार को चार रोमांचक मुकाबले खेले गए। उल्लेखनीय है कि 61 वें वार्षिक आयोजन का समापन पांच फरवरी को फाइनल मैच तथा पुरस्कार वितरण के साथ होगा। आयोजन समिति से संयोजक अश्विनी सरोज तथा सचिव पवन चौहान ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. ठाकुर प्रताप भानु सिंह चौहान की स्मृति में आयोजित अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता 2026 अपने पूरे रोमांचक दौर में है। जिसके चौथे दिन मंगलवार को कुल चार हाई-वोल्टेज मुकाबले खेले गए। आरिफ कुरैशी ने बताया कि दिन के पहले मुकाबले में उज्जैन ने भोपाल को 3-2 से हराया। दूसरे मुकाबले में मंडीदीप ने सिवनी छपारा को 2-1 से हराकर जीत दर्ज की। तीसरे मैच में इटारसी व रायपुर में कड़े संघर्ष की स्थिति रही तथा इटारसी ने 2-0 से जीत हासिल की। वहीं दिन का सबसे महत्वपूर्ण मुकाबला सोहागपुर व उत्तर प्रदेश की नामी सोनभद्र टीम के बीच हुआ, जिसमें शाम लगभग 6:30 बजे समाचार लिखे जाने तक सोहागपुर की टीम 3-1 से आगे थी।

> ■ 61 वें वर्ष में जारी टूर्नामेंट का आयोजन, पांच फरवरी को होगा समापन

### ये रहे दिवस अतिथि

प्रतियोगिता के चौथे दिन नप अध्यक्ष लता यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, योगेश राजपूत, भाजपा शोभापुर मंडल अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर, संजीव ठाकुर, नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा, उपयंत्री बृजेश खानोरकर व आयोजन समिति के समस्त पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने रोमांचक मुकाबलों का भरपूर आनंद लिया। क्षेत्रीय दर्शक भी बड़ी संख्या में नियमित रूप से कॉलेज खेल मैदान पर उपस्थित हो रहे हैं।

# पुरानी इटारसी मंडल में विकसित भारत को लेकर बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भाजपा नगर मंडल पुरानी इटारसी की विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका अधिनयम 2025 को लेकर महत्वपूर्ण बैठक अभिनंदन मैरिज हॉल में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जयकिशोर चौधरी ने केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन वीबीजी-राम-जी अधिनियम 2025 की विस्तार से जानकारी दी। मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो ने कहा कि वीबी जी-राम-जी योजना देश के प्रत्येक गांव की तस्वीर बदलने में मील का पत्थर सिद्ध होगी। यह योजना गरीबों, कृषि मजदूरों एवं किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी है और गांवों के समग्र विकास को नई दिशा प्रदान करेगी। इस अवसर पर मंडल संयोजक विजय चौरे, मंडल सह-संयोजक रीना डोंगरे सहित पुरानी इटारसी मंडल के समस्त पदाधिकारीगण, मोर्चा पदाधिकारी, सरपंच, जनप्रतिनिधि एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जन चेतना पदयात्रा में शामिल हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष पांडेय



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे द्वारा निकाली जा रही जनचेतना पदयात्रा में शामिल होकर तवापुल से पांजरा तक पदयात्रा की। यह यात्रा कुछ समय के लिए ग्रामपंचारा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र शर्मा के फार्म हाउस पर भोजन हेतु रुकी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता बतानी लाल चौरे उम्र 102 वर्ष से सहित सभी कांग्रेस जनों से विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे के साथ नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल, जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मयंक चौरे, हुजैफा बोहरा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनुराग मलैया, अतुल तिवारी सहित युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# लता दीदी की याद में सजेगी सुरों की महफिल, राशि खाड़े देंगी 'स्वरांजलि'

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

स्वर कोकिला, भारत रत्न लता मंगेशकर की पुण्यतिथि के अवसर पर इटारसी के जयस्तंभ चौक पर एक भव्य संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। स्वरांजलि नाम के इस कार्यक्रम में शहर की जानी-मानी गायिका कु. राशि खाड़े अपनी सुरीली आवाज से लता के अमर गीतों को जीवंत करेंगी।

### 6 फरवरी को गूंजेंगे लता जी के गीत

यह कार्यक्रम आगामी 6 फरवरी 2026, शुक्रवार को शाम 7 बजे से जयस्तंभ चौक पर शुरू होगा। गायिका राशि खाड़े ने बताया कि यह आयोजन लता दीदी की विरासत को नमन करने का एक प्रयास है। आयोजन समिति ने विशेष रूप से महिलाओं के बैठने के लिए अलग और सुरक्षित व्यवस्था की है, ताकि वे परिवार सहित संगीत का आनंद ले सकें। इस सांस्कृतिक संध्या में क्षेत्र के कई दिग्गज शिरकत करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा उपस्थित रहेंगे। साथ ही सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नरोलिया, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे और क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु राणे विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आयोजन समिति और गायिका राशि खाड़े ने समस्त नगरवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर इस गौरवमयी शाम का हिस्सा बनें और संगीत की देवी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करें।

# सोहागपुर में वीबी-जी राम जी योजना की कार्यशाला संपन्न




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

भाजपा द्वारा वीबी-जी राम जी योजना अंतर्गत मंगलवार को कार्यशाला आयोजित की गई है। सोहागपुर भाजपा मंडल स्तर की यह कार्यशाला शहर में विधायक निवास में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज ने बताया कि कार्यशाला में किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राजपूत तथा जिला उपाध्यक्ष मुकेश सराठे वक्ता रूप में उपस्थित रहे। दोनों वक्ताओं ने योजना द्वारा संगठन को सशक्त बनाने, जनसंपर्क के अभियान को गति देने व आगामी कार्यक्रमों की कार्ययोजना पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला में आकाश रघुवंशी, भगवान सिंह पटेल, रामबाबू रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, अभिनव पालीवाल, पार्षद आशीष विश्वकर्मा, मंडल महामंत्री ऋषभ गढ़वाल, अनिल रघुवंशी, गोलू अग्रवाल, मुकेश नायक, विजेंद्र सिंह, सोहागपुर नप अध्यक्ष लता पटेल, संध्या नागवंशी, सुधा श्रीवास आदि शामिल रहे।

### जीनियस प्लानेट में स्ट्रेस-फ्री एग्जाम का अनूठा मंत्र विद्यार्थियों को दिया

# हंसी की फुहारों ने मिटाया परीक्षा का भार, उदय ने बांधा अनोखा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




शिक्षा केवल किताबी ज्ञान का संचय नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। इसी दर्शन को चरितार्थ करते हुए, सीबीएसई मान्यता प्राप्त स्कूल जीनियस प्लानेट ने बच्चों के मन से परीक्षा के बोझ को हटाकर उन्हें मानसिक सुकून देने की एक अनोखी पहल की। अवसर था स्टेंडअप कॉमेडियन और जिले के गौरव उदय दहिया के हास्य व्यंग्य कार्यक्रम का, जहां खिलखिलाते चेहरों के बीच स्ट्रेस (तनाव) कहीं ओझल होता नजर आया। स्कूल संचालक मोहम्मद जाफर सिद्दीकी और प्रिंसिपल मनीता सिद्दीकी ने अतिथि उदय दहिया का आत्मीय स्वागत किया।

विद्यार्थी हर्ष नितिन यादव ने जब उदय दाहिया का परिचय दिया, तो उसमें आभार की वह भावना छिपी थी जो आज के समय में हर विद्यार्थी महसूस कर रहा है—कि काश! कोई हमें इस तनाव से मुक्ति दिला दे। जब उदय दहिया मंच पर आए, तो उन्होंने अपनी चिर-परिचित बुंदेली शैली से समां बांध दिया। 'करिया के दद्दा' और 'शक्ति कपूर की अठन्नी' जैसे लतीफों ने न केवल बच्चों को गुदगुदाया, बल्कि उपस्थित गणमान्य नागरिकों को भी उनके बचपन के उन सुनहरे गलियारों में वापस ले गए जहां परीक्षा एक डर नहीं, बल्कि जीवन का एक हिस्सा मात्र थी। उनका हास्य मात्र मनोरंजन नहीं था, बल्कि एक दर्शन था कि 'हंसी वह दवा है जो सबसे कठिन समय में भी धैर्य बनाए रखने की शक्ति देती है।' कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# विशाल कुमार शुक्ला को मिली पीएचडी की उपाधि, शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ाया अंचल का मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शहर के पुरानी इटारसी क्षेत्र के निवासी विशाल कुमार शुक्ला ने शैक्षणिक जगत में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, रायसेन के शिक्षा विभाग से सफलतापूर्वक अपनी पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर ली है। स्व. बद्री प्रसाद शुक्ला, शिक्षक के सुपुत्र विशाल की इस सफलता से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

### शोध का विषय : इटारसी के विद्यालयों पर केंद्रित

डॉ. विशाल शुक्ला ने अपना शोध कार्य ए स्टडी ऑफ स्टूडेंट्स लर्निंग टुवर्ड्स सोशल साइंस इन सेकेंडरी स्कूल्स इन इटारसी सिटी विषय पर पूर्ण किया है। उन्होंने अपना यह महत्वपूर्ण शोध डॉ. ब्रजेश कुमार शमा, प्राध्यापक एवं अध्यक्ष, शिक्षा विभाग, रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न किया। उनके शोध के निष्कर्ष स्थानीय शिक्षा व्यवस्था और छात्रों के सीखने के दृष्टिकोण को समझने में सहायक सिद्ध होंगे।

### दो दशकों का कार्यानुभव

विशाल शुक्ला पिछले 20 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने विभिन्न प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थाओं में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए अपना बहुमूल्य अनुभव साझा किया है। उनकी यह उपलब्धि उनके वर्षों के संघर्ष और समर्पण का प्रतिफल है।

डॉ. विशाल शुक्ला प्रसिद्ध देवी भजन गायक आलोक शुक्ला के भाई हैं। उनकी इस विशेष उपलब्धि पर परिवारजनों, गुरुजनों, इष्ट मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है।

## खबर संक्षेप

### समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन पंजीयन 7 से

**हरदा।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान 7 फरवरी से 7 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि निर्धारित समय में पंजीयन करा लें। उन्होंने बताया है कि किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। 3186 पंजीयन केन्द्र बनाए गए हैं। केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जो गत वर्ष से 160 रूपये अधिक है। पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर और सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर की है।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केंद्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केंद्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, योजना के लिए पात्र होंगे। नामांकन के लिए श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगी।

नर्मदा परिक्रमा पथ पर हंडिया में बनेगा आश्रय भवन

# नगरीय क्षेत्रों में दुकानों पर अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखे जाएं : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले से गुजरने वाले नर्मदा परिक्रमा पथ पर हंडिया में 10 लाख रुपए की लागत से परिक्रमावासियों के लिए सुविधायुक्त आश्रय भवन बनाया जाएगा। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने इस आश्रय भवन के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारी को जिले में बिजली के झूलते तारों को दुरूस्त करने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर ने कहा कि विभाग यह सुनिश्चित करे कि किसी भी स्थान पर बिजली के तार झूलते हुए न हों। साथ ही इनसे कोई दुर्घटना का अंदेशा न रहे। कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के सभी नगरीय क्षेत्रों में दुकानों पर डस्टबिन आवश्यक रूप से रखवाए जाएं। दुकानदारों द्वारा सड़कों पर कचरा न फेंका जाए।

बैठक में संकल्प से समाधान अभियान की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संकल्प से समाधान अभियान में नियत सेवाएं पात्र हितग्राहियों को मिलें यह सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण समाधान, ग्राम पंचायतों द्वारा कर वसूली सहित फार्मर रजिस्ट्री की स्थिति की भी कलेक्टर ने जानकारी ली। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अंजली जोसेफ जोनाथन, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय व रजनी वर्मा सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं



**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय एवं रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में हरदा निवासी दीपक तिवारी ने कलेक्टर को आवेदन देकर किये गये काम की पूरी मजदूरी प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उन्होने जिला श्रम पदाधिकारी को मामले की जांच कर आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। कमल हुरमाले निवासी डगावानीमा ने अपने पुत्र की मृत्यु के बाद अनुग्रह सहायता राशि प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर श्रम पदाधिकारी हरदा को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में ग्राम ऊवाँ निवासी कविता ने प्रसूति सहायता राशि प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को प्रकरण की जांच कर आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में हरदा निवासी पूजा सोलंकी ने बीपीएल राशन कार्ड में नाम दर्ज कराने के लिये आवेदन दिया, जिस पर जिला आपूर्ति अधिकारी को आवेदिका की पात्रता अनुसार बीपीएल कार्ड बनवाने के निर्देश दिये। हरदा के वार्ड क्रमांक 32 निवासी कालीचरण भमोरे ने सीवेज लाइन की मरम्मत कराने हेतु आवेदन दिया, जिस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये।

आभापुरी की छात्रा की संधिग्ध मौत का मामला

## कुए में मिला था शव, माता-पिता को अनहोनी की आशंका, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

आभापुरी के समीप कुए में कथित संदिग्ध अवस्था में कक्षा 10 वीं की छात्रा मृत मिली थी, जिसकी उम्र15 वर्ष 6माह थी। उसके माता-पिता इस घटना को लेकर अत्यधिक दुःखी हैं। उन्होंने कहा यदि हमारी बेटी के साथ कोई अनहोनी हुई है तो हमें न्याय मिलना चाहिए और किसी भी बेटी के साथ ऐसा नहीं होना चाहिए। लेकिन अभी तक ना पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई है, ना ही पुलिस ने कोई जांच की है।

यह बात मृतका के पिता राजू भील 41 वर्ष और मां सुगनाबाई 38 वर्ष ने प्रतिनिधि से कही है। उन्होंने कहा हम अपनी बेटी का शव लेकर झिरन्या से खंडवा और वहां से वापस अपने गांव तक भटकते रहे, लेकिन हमें एम्बुलेंस तक नहीं मिली। मेरी बेटी के 27 जनवरी से लापता और शव मिलने के बाद भी हम न्याय के लिए भटक रहे हैं। उन्होंने कहा कि बड़े अधिकारियों से जांच कराकर हमें न्याय दिलाना चाहिए। उनका कहना था कि हमारी बेटी साका गांव गई थी, जबकि उसकी दो सहेलियां इनकार कर रही हैं। मृतक छात्रा के माता-पिता ने बताया कि हम मजदूरी के लिए अन्य इलाकों में जाते हैं और हमने बेटी को उसके मामा के पास मिटावल रखा था। वहां से वह आभापुरी की सरकारी स्कूल में कक्षा 10 वीं में पढ़ने आती थी। वह 27 जनवरी को अपनी सहेलियों से मिलने के लिए आई थी और वापस घर नहीं पहुंची



थी,जिसकी हमने 29 जनवरी को थाने में रिपोर्ट की थी। उसका शव 30 जनवरी को साका मार्ग पर आभापुरी के पास खेत में मिला था। जिसे झिरन्या अस्पताल से टेम्पो में लेकर खंडवा अस्पताल गए थे। वहां से पोस्टमार्टम कराकर किराए की जीप से अपने गांव पहुंचे थे और तभी से न्याय के लिए भटक रहे हैं।

**जांच करेंगे...**

मृतक के शव का खंडवा में चिकित्सकों के पेनल से परीक्षण कराया है। उसकी रिपोर्ट एक-दो दिन में मिलने की संभावना है। साथ ही घटनाक्रम को लेकर जो भी तथ्य मिलेंगे उसकी जांच करेंगे।

**सेमलिया गहलोद**
थाना प्रभारी झिरन्या (चैनपुर)

## रुद्राक्ष महोत्सवः पिछले हादसों से लिया सबक, आयोजन से पहले होगी धाम पर मॉक ड्रिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला प्रशासन इस वर्ष कुबेरेश्वर धाम में आयोजित होने वाले रुद्राक्ष महोत्सव को लेकर अत्यधिक सतर्क नजर आ रहा है। वर्ष 2025 के महोत्सव के दौरान हुई भारी अव्यवस्थाओं और आधा दर्जन से अधिक श्रद्धालुओं की दुखद मृत्यु के बाद इस बार कलेक्टर बालागुरू के. ने सुरक्षा और प्रबंधन के लिए बेहद कड़े निर्देश जारी किए हैं।

सोमवार को कलेक्टर ने जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक में स्पष्ट किया कि सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखने के लिए मुख्य आयोजन से दो दिन पहले मॉक ड्रिल की जाएगी। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यदि भीड़ का दबाव बढ़ता है या कोई आपात स्थिति बनती है तो प्रशासन उससे निपटने के लिए कितना तैयार है। बता दें 14 से 20 फरवरी तक चलने वाले इस महोत्सव में देश के कोने-कोने से आने वाले श्रद्धालुओं को पिछले वर्ष की तरह परेशानियों का सामना न करना पड़े, इसके लिए प्रशासन द्वारा हर बारीकी पर नजर रखी जा रही है। अव्यवस्था का सबसे बड़ा कारण बनने वाले रुद्राक्ष वितरण को प्रशासन ने पहले ही बंद करा दिया है, ताकि वितरण केंद्रों पर भगदड़ की स्थिति न बने। इसके साथ ही अमलाहा हाईवे पर यातायात को सुगम बनाने के लिए अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

### धाम पर दुकानदारों को दी नसीहत

इधर पुलिस प्रशासन द्वारा सोमवार को कुबेरेश्वर धाम पर सख्ती दिखाई। दरअसल, दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों की जद से बाहर भी सामान रख लिया था, जिसकी वजह से आवागमन में श्रद्धालुओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सोमवार को पहुंचे पुलिस अमले ने दुकानदारों को सख्त अंतिम चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अब दुकानदारों के बाहर सामान रखा पाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## खाकी को समर्पित किए जीवन के 40 साल, सेवानिवृत्त हुए 11 पुलिस योद्धाओं का एसपी ने किया सम्मान

### 38 से 43 वर्षों तक बेदाग सेवा देने वाले अधिकारियों को दी गई विदाई



**इन जांबाजों को मिली विदाई**

43 वर्ष की सेवाः चैन सिंह रघुवंशी (डीएसपी) और हरेंद्र सिंह (एएसआई)
40 वर्ष की सेवाः हरिनारायण वर्मा (एसआई), भंवर लाल वर्मा (एएसआई) और सुरेन्द्र शर्मा (हेड कांस्टेबल)।
36-38 वर्ष की सेवाः अमृतलाल पारोचे, पुरुषोत्तम पाठक, तेजराम अहिरवार और मो. फारुख खान।
स्वैच्छिक सेवानिवृत्तिः अशोक श्रीवास्तव और परशुराम सिंह ने भी अपनी सेवाओं के बाद विभाग से विदा ली।

**सीहोर।** पुलिस विभाग में अपनी उम्र का बड़ा हिस्सा यानी करीब 4 दशक तक देशभक्ति-जनसेवा को समर्पित करने वाले 11 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी सोमवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस खास मौके पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में विदाई समारोह आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने इन अनुभवियों को पुष्पगुच्छ, शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

विदाई पाने वाले अधिकारियों में कुछ ऐसे भी थे जिन्होंने 43 वर्ष से अधिक समय तक पुलिस की वर्दी पहनी। मानसेवी उप पुलिस अधीक्षक चैन सिंह रघुवंशी और हरेंद्र सिंह ने 43-43 साल की लंबी सेवा पूरी की। वहीं हरिनारायण वर्मा, भंवर लाल वर्मा और सुरेंद्र शर्मा ने भी 40-40 साल तक विभाग को अपनी सेवाएं दीं। एसपी ने इन सभी अधिकारियों के सेवाकाल के अनुभवों को सुना और उनके परिवार के सदस्यों से भी मुलाकात की।

**अनुभवों की पूंजी लेकर विदा हुए अधिकारी :** सम्मान समारोह के दौरान एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने कहा कि पुलिस की नौकरी बेहद चुनौतीपूर्ण होती है। इन अधिकारियों ने अपने जीवन के 38 से 40 साल समाज की सुरक्षा में लगाए हैं, जो अपने आप में एक मिसाल है। उन्होंने सभी के अच्छे स्वास्थ्य और सुखद सेवानिवृत्त जीवन की कामना की।

इस अवसर पर एएसपी सुनीता रावत, सीएसपी डॉ. अभिनंदना शर्मा, रक्षित निरीक्षक उपेंद्र यादव सहित पुलिस परिवार के सदस्य और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## इंदौर-भोपाल हाईवे पर सनसनी, साइड देने के विवाद में राजस्थान के युवकों ने मारी गोली

### पुलिस ने महज 2 घंटे में आरोपियों को जंगल से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आष्टा थाना अंतर्गत इंदौर-भोपाल हाईवे पर कचनारिया जोड़ के पास मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया। वाहन ओवरटेक करने को लेकर हुए विवाद में राजस्थान के तीन युवकों ने एक स्थानीय युवक पर पिस्टल से गोली चला दी। गोली युवक के पैर में लगी है, जिसे गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया है। पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सेमनरी निवासी सचिन कुमार पिता मोरसिंह मेवाड़ा का हाईवे पर कार सवार युवकों से साइड देने को लेकर विवाद हो गया था। बात इतनी बड़ी कि राजस्थान के कोटा निवासी तीन युवकों ने सचिन को डराने के उद्देश्य से अपनी 32 बोर की पिस्टल निकाल ली और फायरिंग कर दी। गोली सीधे सचिन के पैर में जा लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर गया।




**भाग रहे आरोपियों को पुलिस ने दबोचा :** वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी अपनी कार लेकर मौके से फरार हो गए। इधर जानकारी मिलते ही प्रभारी एसडीओपी आष्टा प्रवीण चढ़ोकर एवं थाना प्रभारी आष्टा गिरिश दुबे पुलिस बल के साथ शासकीय अस्पताल आष्टा पहुंचे, जहां घायल से जानकारी प्राप्त कर तत्काल मौके पर रवाना हुए।

मुखबिर की सूचना पर वाहन उमरसिंघाई गांव में खड़ा पाया गया। तत्पश्चात पुलिस की दो टीमों द्वारा बेदाखेड़ी जंगल क्षेत्र में सर्च कर, तीनों आरोपियों को पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से 32 बोर की एक पिस्टल एवं 04 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने मौके से शेवी खान पिता मकदूम अहमद उम्र 23 वर्ष निवासी कोटा, शहनवाज उर्फ सोनू पिता सलीम अहमद उम्र 28 वर्ष निवासी कोटा और विक्की पिता मंजूर उम्र 20 वर्ष, निवासी पाली को गिरफ्तार किया है।

आरोपी शेवी खान उर्फ अमन पिता मखदूम को साथियो द्वारा जिला कोटा राजस्थान से हत्या के प्रयास मामले में फरार होना भी बताया गया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है।

## विश्व कैंसर दिवस पर 4 फरवरी को जिलेभर में लगेंगे कैंसर जांच शिविर

**सीहोर।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर 4 फरवरी स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सिविल अस्पतालों पर कॉमन कैंसर जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में 30 वर्ष 65 वर्ष आयु के नागरिकों की मुख, स्तन एवं सर्वाइकल कैंसर तथा अन्य कैंसरों की जांच की जाएगी। जांच के पश्चात चिन्हांकित जटिल रोगियों को आवश्यकता अनुसार सर्जरी एवं रेडियोथेरेपी के लिए रेफर किया जायेगा। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि वर्तमान में जिले में सामान्य सर्जरी की जाती हैं, पर भविष्य में जल्द ही कीमोथेरेपी की सुविधायें भी उपलब्ध कराई जाएंगी। इन शिविरों के आयोजित के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सीएमएचओ ने बताया की एसआरएलएम, आईसीडीएस एवं स्कूल शिक्षा विभाग के समन्वय से इन शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## इस वर्ष जिले में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के कुल 38,011 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

**सीहोर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी परीक्षाओं के संबंध में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले के सभी 101 परीक्षा केंद्रों के केन्द्राध्यक्षों एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों की बैठक एवं प्रशिक्षण आयोजित किया गया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर ने सभी केन्द्राध्यक्षों एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों को बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि सीहोर जिले में बोर्ड परीक्षाओं के लिए कुल 101 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें से 05 परीक्षा केंद्र अति संवेदनशील की श्रेणी में हैं। इन परीक्षा केंद्रों पर इस साल 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में जिले के कुल 38,011 परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिनमें 10वीं के 20,749 और 12वीं के 17,262 परीक्षार्थी शामिल हैं।


लंबित प्रकरणों का अधिकारी समन्वय बनाकर जल्द करें निराकरण

# टीएल बैठकः कलेक्टर बालागुरू के. सख्त, नेशनल हाईवे भू-अर्जन में देरी पर एसडीओ को फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में सोमवार को टीएल बैठक हुई। उन्होंने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी प्रकरणों का समय सीमा के भीतर संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए।

टीएल बैठक के दौरान नेशनल हाईवे के लिए किए जा रहे भू-अर्जन कार्यों में हो रही देरी पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित एसडीओ को विलंब को लेकर फटकार लगाई और कार्यप्रणाली में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि रेलवे एवं नेशनल हाईवे जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं जनहित से जुड़ी हैं, ऐसे में भू-अर्जन और मुआवजा वितरण के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।



### एक भी किसान को परेशानी न हो

उन्होंने निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करते हुए निर्धारित समय-सीमा में मुआवजा राशि का भुगतान और कब्जा लेना सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त, भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेताओं को देय राशि का भुगतान सुनिश्चित करते हुए योजना के समापन की कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों से कहा गया कि लंबित प्रकरणों की प्राथमिकता से समीक्षा कर पात्र किसानों को शीघ्र भुगतान किया जाए, ताकि किसी भी किसान को अनावश्यक परेशानी न हो।

**समन्वय से प्रकरणों का निराकरण करें**

कलेक्टर ने वन एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को वन ग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन की प्रक्रिया तथा वन व्यवस्थापन से संबंधित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन कार्यों के समय पर पूर्ण होने से ग्रामीणों को राजस्व संबंधी सुविधाओं का लाभ मिलेगा और प्रशासनिक प्रक्रियाएं सुगम होंगी। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि दोनों विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें तथा निर्धारित समय-सीमा में आवश्यक कार्रवाई पूरी करें। सभी विभागीय अधिकारियों से कहा गया कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है, ऐसे में यह सुनिश्चित किया जाए कि विभागीय लक्ष्यों को पूर्ण करते हुए स्वीकृत बजट का शत-प्रतिशत उपयोग किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि योजनाओं एवं कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा कर वित्तीय प्रगति सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने विशेष रूप से यह प्रयास करने को कहा कि किसी भी विभाग का बजट लैप्स न हो।

## रोजगार मेले में 30 राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों ने लिया भाग

**सीहोर।** सोमवार को को मंथन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन अमलाहा सीहोर के प्रांगण में एक राज्य स्तरीय रोज़गार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का उद्घाटन आष्टा के विधायक गोपाल जी इंजीनियरिंग द्वारा किया गया। इस मेले में राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर की 30 कंपनियों ने भाग लिया। ये कंपनियाँ मुख्य रूप से बैंकिंग सेक्टर की एस.बी.आई. एक्सेस बैंक, आई.सी.आई.सी.आई., ए.यू इसी तरह मॉर्केटिंग कंपनियों/पेटिएम उत्कर्ष, आई.आई.एफ.सी., इक्वीटस तथा इंजीनियरिंग कंपनियाँ मदूररूम, प्रतीभा मिट्ट इंडीया, आइशर, रिलाइंस आदि ने भाग लिया। इस मेले लगभग 600 से अधिक युवाओं ने भाग लिया मंथन संस्थान द्वारा इस रोज़गार मेले का प्रचार-प्रसार ग्रामीण स्तर पर किया गया। इस रोज़गार मेले में लगभग 500 से अधिक युवाओं को रोज़गार मिलने की उम्मीद जताई गई। संस्था प्रमुख डॉ. रजत सक्सेना द्वारा बताया गया कि संस्था का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं का कौशल उन्नय कर उनको उचित रोज़गार दिलाना प्राथमिकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय गोपाल इंजीनियर द्वारा संस्था के प्रयासों किये जा रहे कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा उन्होंने यह भी कहा कि संस्था के प्रयासों को किसी न किसी स्तर पर सम्मानित भी किया जायेगा मुख्य अतिथि द्वारा उनके विधानसभा क्षेत्र में संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा भी की।

इस रोज़गार मेले का समन्वयन वी.सी.सी. ग्रुप के सौजन्य द्वार उनके प्रतिभाशाली डायरेक्टर श्री अनिल वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। चयनित छात्रों को कंपनियों द्वारा नियुक्ति पत्र भी दिये गये। इस मेले के आयोजन से छात्रों में काफी हर्ष है तथा क्षेत्र के सम्मानियों द्वारा इस प्रकार के आयोजनों के लिये हर्ष व्यक्त किया गया तथा आशा व्यक्त की कि इस प्रकार के कार्यक्रमों को सुचारू रूप से क्रियान्वयित किए जाएं।